***जनपद – संतकबीरनगर*** ***प्रेस विज्ञप्ति*** ***दिनॉक 21.11.2023***

आज दिनांक 21.11.2023 को अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर ***श्री अखिल कुमार*** पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती ***श्री आर0के0 भारद्वाज*** के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक जनपद संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** के मार्गदर्शन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में संतकबीरनगर पुलिस द्वारा किये गये सराहनीय कार्य–

## *पीआरवी आफ द डे*

***पीआरवी 1483 द्वारा मार्ग दुर्घटना में घायल 03 लोगो को भेजवाया गया अस्पताल–*** पीआरवी 1483 को थाना कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रांतर्गत इवेन्ट संख्या 0993 से कालर द्वारा मार्ग दुर्घटना में 03 लोगो (**1- सत्यप्रकाश पुत्र जगनरायण निवासी सिकरीडिहा 2- धर्मावती पत्नी परमारथलाल 3- सिधांसी पुत्री परमारथलाल निवासी इमिलडीहा थाना को0खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर**) के घायल होने के संबंध में सूचना दिया गया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा घटनास्थल पर समय से पहुंचकर घायल लोगो को एंबुलेंस की सहायता से अस्पताल भेजवाया गया साथ ही घटना के सम्बन्ध में थाना को0 खलीलाबाद को अवगत कराया गया। पीआरवी कर्मियों की सतर्कता एवं सूझबूझ से घटना स्थल पर समय से पहुंचकर घायल लोगो को अस्पताल भेजवाकर उनकी जान बचाई गई, जिसकी स्थानीय व्यक्तियों द्वारा सराहना की गई।

**पीआरवी स्टाफ** –मु0आ0 संजय पाल, आ0 प्रमोद कुमार राम हो0चा0 रामकृष्ण मौर्य।

## *शान्ति भंग (151/107/116 सीआरपीसी) में 13 अभियुक्त गिरफ्तार*

- **थाना महुली पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 03 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।
- **थाना धनघटा पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 06 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।
- **थाना मेहदावल पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 04 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।

## *मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 62 वाहनों से 57,500 रु0 सम्मन शुल्क का चालान किया गया*

आज दिनांक 21.11.2023 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 62 वाहनों से 57,500 रु0 सम्मन शुल्क का चालान किया।